खबर संक्षेप

छात्र परिषद का दीपोत्सव पर्वः 25 अक्टूबर को होंगी विशेष प्रतियोगिताएं

मैहर। विद्यार्थियों के कलात्मक और सांस्कृतिक विकास के लिए छात्र परिषद द्वारा आगामी 25 अक्टूबर को स्थानीय सीकैट कंप्यूटर कॉलेज में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिया विद थाली सजाओ और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा,जिसमें कक्षा 9वीं से महाविद्यालय तक के सैकड़ों विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे,साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी मिलेगा।इस सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में छात्र परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और मीडिया प्रभारी सूर्यकांत द्विवेदी के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी घोषित



मैहर। नरसिंहपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें सुरेश कुमार खुराना को अध्यक्ष,मनीष कटारे को जनरल सेक्रेटरी,हरि सिंह चौहान को सीईओ और पीएन ठाकुर को टेक्निकल कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं,मैहर के नेशनल रेफरी अरुण कुमार तिवारी को मध्य प्रदेश रेफरी बोर्ड का संयोजक बनाए जाने पर मैहर जिले में भारी हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,डॉक्टर कैलाश जैन,रमेश पांडे बम बम महाराज,और आदर्श वॉलीबॉल क्लब के सदस्यों सहित तमाम खेल प्रेमियों ने उन्हें हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

मैहर में शारदीय नवरात्रि पर सुरक्षा के बीच बंद सीसीटीवी कैमरे और सवाल

मैहर।

मां शारदा देवी धाम में क्वार नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है,लेकिन इसी बीच मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए लगाए गए डेढ़ दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे बंद होने की खबर सामने आई है।त्रिकूट पर्वत के आसपास तेंदुए और उसके परिवार की मौजूदगी के बीच संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसी लापरवाही श्रद्धालुओं और वन्यजीवों दोनों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। प्रशासन और वन विभाग के बीच समन्वय की कमी और कैमरों के बंद रहने से किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए प्रशासन को तत्काल इन कैमरों की जांच कराकर इन्हें चालू करना चाहिए।







नवरात्रि के प्रथम दिन ही मैहर के घंटाघर में छाया अंधेरा

मां शारदा की पावन नगरी मैहर में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो चुका है और देश भर से श्रद्धालुओं का आगमन जारी है। ऐसे में पूरे नगर को भव्य रोशनी और सजावट से जगमगाना चाहिए था, लेकिन नगर के हृदयस्थल घंटाघर में अंधेरा छाया हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिन ही यहां की बदहाल प्रकाश व्यवस्था ने नगर पालिका प्रशासन की तैयारियों और दावों की पोल खोल दी है। घंटाघर एक प्रमुख और व्यस्त स्थल है जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं।यहां रोशनी न होने के कारण नगर की रौनक फीकी पड़ गई है,जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को उत्सव के माहौल की कमी खल रही है।

आईजी और डीआईजी ने किए दर्शन

रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत और डीआईजी हेमंत सिंह चौहान ने मैहर पहुंचकर मां शारदा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने नवरात्रि मेले की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।उनके साथ मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह,एएसपी चंचल नागर और अन्य प्रमुख पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मंदिर के पुजारी नितिन महाराज ने अधिकारियों को मां शारदा की चुनरी भेंटकर उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने मेले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने,भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुगमता को लेकर पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि सभी भक्त सुरक्षित दर्शन कर सकें।



गरबा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, गूंजे भक्ति के स्वर

सतना।

गुजराती संस्कृति,धार्मिक आस्था और लोक परंपरा का प्रतीक नवरात्रि गरबा डांडिया महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भरहुतनगर स्थित पुजारी गार्डन में श्रीजलाराम महिला मंडल,सतना के तत्वावधान में विधिवत स्थापना पूजा के साथ हुआ। पिछले 75 वर्षों से सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने की गौरव शाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस महोत्सव में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। पारंपरिक ढोल की थाप और गुजराती भाषा के गरबा गीतों के बीच महिलाओं ने गरबी के चारों ओर गोलाकार घूमकर पारंपरिक गरबा किया।आज की थीम पीली साड़ी आकर्षण का केंद्र रही। सबसे पहले जय आद्याशक्ति,अखंड ब्रह्मांड दीपाव्या की आरती कर मां आद्याशक्ति की वंदना की गई। पंखिड़ा तू उड़ी जाजे पावागढ़ रे गरबा के बोल से गरबा की शुरुआत हुई।गरबा के माध्यम से भक्ति शक्ति संस्कृति और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया गया। श्री जलाराम महिला मंडल द्वारा आयोजित यह गरबा महोत्सव 11 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि 8:30 से 11 बजे तक पुजारी गार्डन,भरहुत नगर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के माध्यम से श्री जलाराम महिला मंडल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक उत्सवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दे रहा है।

नारी अस्मिता और सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर किया पुतला दहन;जेएनयू प्रोफेसर व कांग्रेस सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग

सतना। महिला सम्मान,सुरक्षा और नारी अस्मिता के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा ने सोमवार को जयस्तंभ चौक स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के खिलाफ छात्राओं द्वारा लगाए गए कथित यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के आरोपों के विरोध में आयोजित किया गया था। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे के निर्देशानुसार,यह प्रदर्शन जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महिला कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा,सम्मान और गरिमा सर्वोपरि होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ऐसे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोष सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।



तमस नदी पुल के पास स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

मैहर। मैहर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर तमस नदी पुल के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रविवार रात करीब 11 बजे हुआ जब बाइक सवार मैहर से रीवा की ओर जा रहे थे।पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।एक मृतक की पहचान सुजीत कोल (32 वर्ष) के रूप में हुई है,जबकि दूसरे की शिनाख्त अभी जारी है। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार मौके से फरार हो गए,और पुलिस ने वाहन जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है।



डॉ. लोहिया समता से सम्पन्नता, बंधुत्व व लोकतांत्रिक व्यवस्था के हिमायती थे-सुरेंद्र शर्मा

सतना। प्रख्यात समाजवादी चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 59 वी पुण्य तिथि पर आज सर्किट हाउस सतना में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर समाजवादी नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ समाजवादी नेता व अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आज देश के उस महान सेनानी की पुण्यतिथि है जिसने संपूर्ण जीवन देश के आम आदमी और उनकी समस्याओं के लिए लगातार संसद से सड़क तक संघर्ष किया और देश की आजादी से लेकर देश के आंतरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए आनेको जेल यात्राएं की लोहिया ही थे जिन्होंने यह माना कि जब तक देश में आर्थिक गैर बराबरी का खत्म नहीं होगा और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की हिफाजत नहीं होगी तब तक सशक्त और समृद्ध भारत की कल्पना बेमानी होगी उनका मानना था कि समाजवाद का मतलब गरीबी का नहीं बल्कि समृद्धि का बंटवारा है उन्हें लोगों के पेट की चिंता थी वो समता से सम्पन्नता और बंधुत्व के पक्षधर थे जिनकी दृष्टि में शोषण और अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी लोहिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रबल हिमायती थे ऐसी महान विभूति को शत-शत नमन करता हूं।



रामघाट उचेहरा में बरुआ नदी में डूबने से युवक की मौत, शव ले जाने कचरा वाहन भेजने पर मचा बवाल



सतना। जिले के उचेहरा नगर के वार्ड क्रमांक 11 रामघाट में बरुआ नदी में नहाने गए चंद्र प्रकाश शर्मा पिता स्व.विष्णु बिहारी शर्मा,निवासी वार्ड क्रमांक रामदेवाला कारी माटी,की डूबने से मौत हो गई। बीते दिवस सुबह करीब 11 बजे नदी में नहाने गए युवक के लापता होने पर पुलिस और मोहल्लेवासियों ने तलाश की,लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।सोमवार सुबह उसका शव नदी में मिला,जिसे पुलिस और वार्ड वासियों की मदद से बाहर निकाला गया। शव को ले जाने के लिए मुख्य नगर परिषद अधिकारी व निकाय अध्यक्ष के द्वारा कचरा वाहन भेजे जाने पर पार्षद पुत्र शिवम यादव,परिजनों और पुलिस ने नाराजगी जताते हुए वाहन को लौटा दिया। बाद में शव को ऑटो से मरचूरी भेजा गया। नगर परिषद और अस्पताल में शव वाहन की व्यवस्था नहीं होने से एक बार फिर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं।

नो एंट्री के बावजूद शहर में घुसे दो मिनी ट्रक और एक कंटेनर,यातायात पुलिस ने तीनों वाहनों को थाने भेजा



सतना। बगहा नो एंट्री क्षेत्र से सिविल लाइन की तरफ दो मिनी ट्रक और एक कंटेनर के प्रवेश करने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन तिराहे से इन तीनों भारी वाहनों को पकड़कर यातायात थाने ले जाया गया।ट्रक ड्राइवरों के अनुसार,इस मामले को लेकर यातायात पुलिस के साथ बातचीत और समन्वय का दौर जारी है।

उद्योग विशेषज्ञों ने बताए सफलता के मंत्र

एकेएस विश्वविद्यालय में एआई और इंटर्नशिप के लिए विद्यार्थियों को किया तैयार



सतना। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। इन बदलावों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के उद्देश्य से एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के कंप्यूटर साइंस एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने बेंगलुरु की इनोविट टेक्नोलॉजीज के सहयोग से विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया। विश्वविद्यालय के सेंट्रल हॉल में हुए इस कार्यक्रम का विषय '2027 में इंटर्नशिप और एआई आधारित नौकरियों के लिए कैसे तैयार हों' था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर ने विद्यार्थियों को बदलती औद्योगिक जरूरतों के अनुसार तकनीकी और व्यावसायिक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कंप्यूटर साइंस के डीन प्रो.(डॉ.)अखिलेश ए. वाओ ने व्यावहारिक ज्ञान,उद्योग से जुड़ाव और निरंतर सीखने को सफलता का आधार बताया। कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ.प्रमोद सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने और उद्योग से जुड़े अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इनोविट टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुज तिवारी,सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव तथा सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हरीश पवार ने एआई के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं,इंटर्नशिप की तैयारी,कंपनियों की अपेक्षाओं और रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशलों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।कार्यक्रम में एमसीए, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग,बीसीए तथा डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसरों से जोड़ना और भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार द्विवेदी ने किया। विनय कुमार द्विवेदी और हर्षित सिंह परिहार ने समन्वय किया। अंत में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ.चंद्रशेखर गौतम ने विश्वविद्यालय प्रबंधन, अतिथियों, विशेषज्ञ वक्ताओं, शिक्षकों, समन्वयकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों पर करें फोकस



100 दिवस से अधिक और नाट-अटेण्ड नहीं रहनी चाहिए शिकायतें

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग प्रमुख अधिकारी 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों पर फोकस करें। किसी भी विभाग में 100 दिवस तक अनावश्यक रूप से शिकायतें लंबित नहीं रहनी चाहिए और ना ही किसी स्तर पर कोई शिकायत नाट-अटेण्ड होनी चाहिए। सोमवार को कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन के 100 दिवस से ऊपर के लंबित प्रकरणों में विभागवार समीक्षा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम डॉ.नागार्जुन बी गौडा,सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी,अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र वर्मा,संदीप परस्ते सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने सोमवार को बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग,लोक निर्माण,रेलवे के समन्वय के मुद्दों पर भी समीक्षा की। एनएच पीडब्ल्यूडी द्वारा रीवा-सतना सड़क पर रोड रेस्टोरेशन मरम्मत का कार्य अभी तक नहीं प्रारंभ किए जाने पर संबंधित विभाग प्रमुख को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सतना-चित्रकूट मार्ग पर सड़क मरम्मतीकरण का कार्य कोठी बाईपास में अब तक प्रारंभ नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की दीपावली मेला के पहले संपूर्ण सड़क दुरुस्त हो जानी चाहिए।इसके लिए कोठी बायपास,मझगवां बायपास और घाट एरिया में कुल तीन टीमें अलग-अलग लगाएं। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और आतिशबाजी पटाखा दुकानों के संबंध में भी कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाहियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में नारायण तालाब के पास आतिशबाजी पटाखा की दुकान लगाई जाएगी। स्थल का निरीक्षण और आवश्यक तैयारियां अभी से शुरू करें। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट के पीछे और नारायण तालाब के पास दशहरा पर होने वाले रावण दहन के लिए भी सुरक्षात्मक आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करें।सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग के लिए अभी 8 दिन का समय है। आधिकाधिक शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करें तथा जो शिकायतें विधिवत रूप से संतुष्टि पूर्ण बंद नहीं की जा सकती। उसके लिए सकारण टिप्पणी के साथ क्लोजर के लिए प्रस्तावित कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपनी 50 दिवस की शिकायतों पर फोकस कर निराकरण करें ताकि 100 दिवस तक लंबित नहीं रहे।भुगतान संबंधी शिकायतों के क्लोजर प्रस्ताव में आवेदक को भुगतान प्राप्त होने की पुष्टि भी की जानी चाहिए। ऊर्जा विभाग के बररहना वितरण केंद्र में अधिक संख्या में शिकायतों के लंबित रहने पर संबंधित जेई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सहकारिता विभाग में निराकरण उचित नहीं होने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

हिट एंड रन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराएं -कलेक्टर

पीएम राहत, रोड सेफ्टी, जीरो फैटलिटी की समीक्षा बैठक

सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि हिट एंड रन के शेष बचे प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। इसी प्रकार अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के राहत प्रकरणों में भी कोई भी प्रकरण 60 दिवस से अधिक समय तक भुगतान के लिए लंबित नहीं रहने चाहिए। पीएम राहत,जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति जीरो फैटलिटी डिसट्रिक्ट और हिट एंड रन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,डीएफओ मयंक चांदीवाल,आयुक्त नगर निगम डॉ.नागार्जुन बी गौडा,सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी,अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम राहुल सिलाडिया,डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते भी उपस्थित थे। रोड सेफ्टी की बैठक में बताया गया कि चिन्हांकित 150 लोकेशन पर ट्रैफिक और आरटीओ तथा सड़क एजेंसी के अधिकारियों को ज्वाइंट विजिट करना है। जिनमें 21 लोकेशन लोक निर्माण विभाग के हैं,जबकि 127 लोकेशन पर संकेतक लगाए जाने की कार्यवाही की जानी है। पीएम राहत योजना में बताया गया कि सतना जिले के सभी शासकीय और निजी चिकित्सा संस्थाएं योजना में रजिस्टर्ड कर ली गई हैं। अब तक दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज खर्च के लिए कुल 154 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें 135 प्रकरणों में स्वीकृति दी जा चुकी है। सतना जिले में कुल 54 चिकित्सा संस्थाएं योजना में रजिस्टर्ड की गई है।



खबर संक्षेप

हाथीखाने की ऐतिहासिक दीवार पर प्रकृति का चमत्कार, सदियों से जिंदा हैं गुंजा के पेड़



पन्ना। ऐतिहासिक नगरी पन्ना में राजशाही दौर की विरासत से जुड़ा एक अनूठा नजारा आज भी लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। यहां पुराने हाथीखाने की करीब 200 से 250 मीटर लंबी और छह फीट चौड़ी दीवार पर दर्जनों बड़े-बड़े गुंजा के पेड़ उगे हुए हैं। खास बात यह है कि पत्थर और चूना-गच्ची से बनी इस पुरानी दीवार पर उगे पेड़ लंबे समय से जीवित हैं और बारहमासी हरे दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार, सदियों पहले इस स्थान पर पन्ना महाराज के हाथी रखे जाते थे। हाथियों को इन पेड़ों की पत्तियां खिलाई जाती थीं। समय के साथ राजशाही का दौर समाप्त हो गया, लेकिन दीवार पर उगे पेड़ों का अस्तित्व आज भी बना हुआ है। आगरा मोहल्ला निवासी निक्की राजा (30 वर्ष), बृजेन्द्र रैकवार (35 वर्ष) और शिवा यादव ने बताया कि गुंजा के ये पेड़ वर्षों से इसी तरह दीवार पर उगे दिखाई दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, वे करीब 25 वर्षों से इन पेड़ों को इसी स्थिति में देखते आ रहे हैं। कई बार पेड़ों की डालियां काटी गईं, लेकिन कुछ समय बाद फिर नई शाखाएं निकल आती हैं। पेड़ों की यह विशेषता लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई है।
दीवार पर उगे एक पेड़ का तना बढ़ते-बढ़ते दीवार के भीतर समा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसकी मोटाई करीब ढाई फीट है। लगभग 15 फीट ऊंची बताई जाने वाली इस दीवार पर एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों बड़े पेड़ अलग-अलग स्थानों पर उगे हुए हैं।

मडला से अजयगढ़ होते हुए पन्ना नगर तक हुआ भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने जताई आस्था

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के पहुंचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत, बृजेंद्र प्रताप सिंह ने किया आत्मीय अभिनंदन

पन्ना। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पूज्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के पन्ना जिले की सीमा में प्रवेश करने पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने मडला से अजयगढ़ होते हुए पन्ना नगर आगमन तक विभिन्न स्थानों पर रथयात्रा का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं और सनातन धर्मावलंबियों ने पुष्पवर्षा कर पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। रथयात्रा के स्वागत को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।



मडला से अजयगढ़ तक स्वागत का सिलसिला

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के पन्ना जिले में प्रवेश करते ही स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। मडला से लेकर अजयगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने रथयात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। जगह-जगह हुए स्वागत कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। अजयगढ़ क्षेत्र में भी रथयात्रा का आत्मीय अभिनंदन किया गया। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सनातन हिंदू एकता के संदेश के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

पन्ना नगर में भी हुआ भव्य अभिनंदन

अजयगढ़ से होते हुए रथयात्रा के पन्ना नगर पहुंचने पर भी विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रथयात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया और धार्मिक उत्साह के साथ रथयात्रा का स्वागत किया।

सनातन संस्कृति और एकता का संदेश

पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के आगमन पर पन्ना जिले में दिखाई दिया उत्साह धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बना। मडला से अजयगढ़ होते हुए पन्ना नगर तक जगह-जगह हुए स्वागत ने आयोजन को विशेष बना दिया। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा रथयात्रा का स्वागत किए जाने के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। आयोजन ने सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता के संदेश को प्रमुखता से सामने रखा।

बागेश्वर धाम की हिंदू राष्ट्र एकता यात्रा पहुंची अमानगंज, स्वागत में उमड़ा जन सैलाब



भीड़ में जेबकतरों ने किया हाथ साफ कई लोगों के हुए चेहरे मायूस

अमानगंज। आज दिनांक 12 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर के 3रू00 बजे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कि हिंदू राष्ट्र एकता रथ यात्रा अमानगंज पहुंची, जहां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर के स्टेडियम ग्राउंडम में उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए जाति-पाति के भेदभाव को मिटाने और हिंदू एकता की बात कही, साथ ही बागेश्वर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी को हिंदू राष्ट्र एकता का संकल्प दिलाया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की मजबूत व्यवस्था देखी गई। शोभायात्रा का रास्ते में पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया गया, बागेश्वर धाम के भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। हालांकि इस भीड़ में कई जेबकतरे भी सक्रिय रहे जिन्होंने भीड़ का फायदा उठाकर भोले-भाले लोगों के जब काटे और सोने चांदी के जेवर झपट लिए, जिससे कई लोगों के चेहरे मायूस हो गए और वह पुलिस थाना अमानगंज अपनी आपबीती सुनाने पहुंचे।



अमानगंज-सिमरिया मार्ग पर लगा जाम से यात्री बसों व स्कूल बसों के लिए तथा स्वयं जे.के. स्टॉप के लिए परेशानी का सबब





पन्ना। जे.के. सीमेन्ट कम्पनी में जहां हजारो ट्रक लोडिड वाहन सड़क प्रतिदिन आवागमन को लेकर जाने जाते है। अमानगंज-सिमरिया मार्ग में जहां सड़क निर्माण का कार्य जारी है। वहीं वनबे सड़क के चलते आवागमन में वैसे भी समस्या को नकारा नहीं जा सकता। लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के पास पेट्रोल पम्प के सामने जहां लापरवाही तरीके से ट्रकों को सड़क में ही पार्किंग जैसे हालात तय कर दिये जाते है। आखिर जाम का सबसे बड़ा कारण सड़क में ही ट्रकों को खड़ा कर कैसे लाजमी माना जा रहा है। आवागमन के लिए सड़क सभी के लिए सुविधाजनक होने के लिए मानी जाती है पर यहां तो ट्रकों के कारण जिस तरह से जाम के लिए हालात बनते है जिसका जीता जागता उदाहरण 12 अक्टूबर को लगभग 9-10 बजे के मध्य जहां सड़क में जाम लगने के कारण यात्री बसें तथा स्कूल बसे जिसमें छोटे-छोटे बच्चे जो पढ़ने के लिए जाते है इनकी दास्ता जाम में फंसे होने के कारण क्या हालात को लेकर जानी जाती है। यह तो तभी समझ में आता है जब सड़क में असमायिक जाम लगने के कारण जो इस समस्या को झेलते है वहीं जे.के सीमेन्ट में कार्य करने वाले स्टाफ को भी इस परेषानी का सामना करना पड़ रहा था। चूंकि आप लोगों की बस स्वयं ही इस जाम के कारण रूकी हुई थी आखिर जे.के. सीमेन्ट कम्पनी ने सड़क में ही व्यवस्था आवागमन की सुचारू रूप से बनी रहे इसको लेकर जिन लोगों को दायित्व सौंपा है इन कर्मचारियों की मॉनीटरिंग को लेकर कौन जिम्मेदार है जहां सड़क में जाम लगता है इसके पहले जो वाहन सड़क में लापरवाही तरीके से ही खड़े कर दिये जाते है आखिर जिसके कारण जाम लगता है क्या इन कर्मचारियों का दायित्व नहीं कि जहां सड़क बनवे का मार्ग वैसे ही है एक तरफ सीसी सड़क का निर्माण कार्य जारी है वहीं सड़क में ही ट्रकों को भारी संख्या में खड़ा करना कैसे पार्किंग जैसे हालात तय कर दिये जाते है आखिरकार सड़क आवागमन के लिए सभी को ध्यान में रखकर यह सुविधा जरूरी 24 घंटे के लिए होती है फिर सड़क में ही पार्किंग करने को लेकर चालकों के द्वारा जो हालात पैदा किये जाते है इस पर कौन गौर करेगा। क्या सड़क में सिर्फ जे.के. कम्पनी के ट्रकों को पार्किंग के लिए उचित माना जाये जो वाहन दूर दराज जिलों से इस मार्ग में आवागमन कर रहे है यात्री बसों की परेषानी का जिम्मेदार कौन वहीं स्कूल बसे जो जे.के सीमेन्ट की ही कम्पनी में बच्चों के पढ़ाने के आवागमन की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से मानी जाती है पर जाम लगने के कारण बच्चे भी परेषान होते है देखे जा रहे है। आखिरकार इस समस्या को लेकर जे.के प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों को अपने कर्मचारी सड़क में आवागमन की व्यवस्था बनाये रखने के लिए जो लगाये गये है जो सड़क में देखे जाते है आखिर इनके दायित्वों की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी भी जिम्मेदारों को निभाना चाहिए ताकि असमायिक सड़क में जाम के हालात से निजात मिल सके। इतना ही नहीं कई बार सड़क दुघर्टना घट चुकी है जिसमें अक्सर सड़क में वाहन पार्किंग को लेकर सड़क से आवागमन करने वाले वाहनों की चूक कारण बन चुकी है फिर भी सड़क में पार्किंग जैसे हालात क्यों निर्मित किये जाते है आखिकार इस सुधार को लेकर कब सख्त कदम उठाये जायेगे। वहीं थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारी का दायित्व भी समय-समय पर सड़क के इस जाम को लेकर क्या असुविधा को सुविधा में बनाने के लिए उचित प्रतीत नहीं होता आखिर कार सड़क में आम आदमी की परेषानी भी गौर करना क्या जिम्मेदारों को लेकर दायित्व निर्वाहन उचित नहीं। बढ़ते हुए ट्राफिक के हालात सड़क में आवागमन सुविधाजनक बनाने के लिए सभी की महती जिम्मेदारी आखिर जाम के कारणों पर पड़ताल के साथ कार्यवाही जरूरी सड़क में कई ऐसे स्टाफ निष्चित किये जाये जहां ट्रको को खड़े करने की व्यवस्था की जाये सड़क पार्किंग के लिए नहीं आवागमन के लिए सुविधाजनक बनी रही, सबके प्रयासों से संभव।

भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ पुतला दहन कर की कार्रवाई की मांग



शशि राजे बोली महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए

पन्ना। कांग्रेस सांसद एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं द्वारा लगाए गए कथित यौन उत्पीड़न एवं अनुचित व्यवहार के आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और गांधी चौक पर सांसद का पुतला दहन कर मामले में जवाबदेही तय करने तथा छात्राओं को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि राजे परमार ने किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान और शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। महिला मोर्चा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी से इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करने तथा आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस नेतृत्व महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जवाब दे - शशि राजे परमार

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि राजे परमार ने कहा कि छात्राओं द्वारा लगाए गए ऐसे गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा तथा सम्मान सर्वोपरि हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रमुख महिला नेता महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की बात करती हैं। ऐसे में पार्टी के सांसद पर लगे आरोपों को लेकर कांग्रेस नेतृत्व को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीतिक दलों का रवैया स्पष्ट और जवाबदेह होना आवश्यक है। श्रीमती परमार ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करने वाले नेताओं को ऐसे मामलों में भी गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने संबंधित सांसद के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए।

विश्वविद्यालय की कार्रवाई और निष्पक्ष जांच का मुद्दा-

प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा, शिकायतों की निष्पक्ष जांच और शिक्षण संस्थानों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। महिला मोर्चा ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान में छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए और शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति की जांच के बाद 9 अक्टूबर 2026 को प्रोफेसर अकोइजम की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किए जाने का उल्लेख है। वहीं, डॉ. अकोइजम ने आरोपों को खारिज करते हुए कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। ऐसे में मामले से जुड़े सभी तथ्यों, संबंधित आदेशों और दोनों पक्षों के बयानों को निष्पक्ष रूप से सामने रखना आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जानी चाहिए। प्रदर्शन के माध्यम से महिला मोर्चा ने संबंधित मामले में जवाबदेही तय करने और छात्राओं के हितों की रक्षा करने की मांग दोहराई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमति शशि परमार जी भाजपा जिला मंत्री संगीता राय, कल्पना यादव किरण केसरवानी आशा साहू नेहा गुप्ता कविता रैकवार राजकुमारी लोधी गीता गुप्ता जी सविता चौबे वर्षा बुंदेला सुप्रिया बुंदेला शक्ति शर्मा रजनी साहू,, आकांक्षा राय, आशीष तिवारी, राजेंद्र कुशवाहा इंजीनियर शशांक वर्मा रत्नेश पटेरिया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के बीच श्रद्धालुओं की राह में जलभराव का संकट

वाईजू राज महारानी जी मंदिर (राधिका मंदिर) मार्ग पर अधूरी सीसी सड़क और नाली का अभाव बना परेशानी, देश-विदेश से आ, वाले श्रद्धालुओं के सामने पन्ना की छवि का सवाल, धामी समाज ने की शीघ्र सुधार की मांग



पन्ना। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आगाज हो चुका है। दस दिवसीय इस महोत्सव में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पन्ना पहुंचते हैं। ऐसे में शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों पर बेहतर साफ-सफाई और आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। लेकिन वाईजू राज महारानी जी मंदिर (राधिका मंदिर) के बाहर मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। जानकारी के अनुसार, किलकिला नदी से मोड़ तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन मंदिर तक सड़क का काम अधूरा रह गया। सड़क की ऊंचाई अधिक होने और दूसरी ओर नाली का निर्माण नहीं होने से यहां पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जाता है कि सीसी सड़क का निर्माण मंदिर के आगे तक होना था, लेकिन किन कारणों से काम अधूरा छोड़ दिया गया, यह सवाल बना हुआ है। 'हजारों श्रद्धालुओं की भोजन व्यवस्था भी इसी मार्ग पर' शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान मंदिर ट्रस्ट की ओर से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। हजारों सुंदरसाथ इसी स्थान पर सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन ग्रहण करते हैं। इसके अलावा, इसी मार्ग से श्रद्धालु बाइपास होते हुए प्राचीन श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में दर्शन करने भी पहुंचते हैं।
देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यदि धार्मिक स्थलों तक पहुंचने के लिए जलभराव और कीचड़ से होकर गुजरना पड़े, तो इससे पन्ना की स्वच्छता व्यवस्था और पवित्र एवं धार्मिक नगरी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यह ऐसा विषय है, जिस पर नगर पालिका प्रशासन के साथ जिला प्रशासन को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अभी समय रहते अधूरी सड़क और नाली की समस्या का निराकरण किया जा सकता है। स्थानीय धामी समाज के लोगों ने नगर पालिका एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े और पन्ना की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें।

नवरात्रि में भी सफाई व्यवस्था बदहाल, नालियों में गंदगी और सड़कों पर बह रहा दूषित पानी

पन्ना। नगर पालिका पन्ना में सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी जमा है। नालियों में कचरा फंसने के कारण दूषित पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नवरात्रि जैसे धार्मिक पर्व के दौरान भी यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है, तो नगर पालिका के स्वच्छता संबंधी दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नालियों में जमा गंदगी और सड़कों पर बहते दूषित पानी से आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों को बदबू के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के दौरान उचित जल निकासी नहीं होने से जलभराव की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में सवाल उठता है कि शहर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारी आखिर कब जागेंगे? मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, बीमारियों का खतरा जगह-जगह जमा गंदे पानी से मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। यदि समय रहते नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। सफाई बजट खर्च होने के बाद भी व्यवस्था बदहाल क्यों? नगर पालिका में सफाई व्यवस्था पर होने वाले खर्च को लेकर भी सवाल उठना जरूरी है। आखिर सफाई के नाम पर कितना बजट आवंटित किया जाता है? नियमित सफाई की निगरानी कौन करता है? क्या जिम्मेदार अधिकारी वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं? यदि सफाई के लिए कर्मचारी और संसाधन उपलब्ध हैं, तो फिर नालियों में गंदगी क्यों जमा है? शहरवासियों को उम्मीद है कि नगर पालिका प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नियमित सफाई, कचरा उठाने और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई करते हैं या शहरवासियों को इसी गंदगी के बीच रहने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की अवधि बढ़ी

पन्ना। भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना को अब 31 मार्च 2027 तक के लिये बढ़ा दिया गया है। योजना के तहत कोई भी शिक्षित बेरोजगार युवक जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो एवं स्वयं का उद्योग (प्रसंस्करण ईकाईयां) स्थापित करना चाहता हो या स्थापित यूनिट का उन्नयन करने के इच्छुक हों, उन्हें बैंक लोन लेने पर स्वीकृत प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपए तक का अनुदान क्रेडिट लिंक सब्सिडी के रूप में प्राप्त होगा। योजना को कृषि अधोसंरचना निधी से जोड़ने पर ब्याज दर में 3 प्रतिशत की छूट 7 वर्षों तक मिलेगी। योजना के तहत आटा चक्की, चावल मिल, दाल मिल, बरी, पापड़, अचार, कुरकुरे, जैम, जेली, मुरब्बा, पोहा, दूध प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे-मावा, पनीर, घी आदि उद्योग लगाने की पात्रता है। योजना की प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने के लिए विकासखंड और जिला स्तर पर रिसोर्स पर्सन नियुक्त किये गये हैं , जो प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर बैंक से लोन दिलाने में सहयोग करेंगे।

खबर संक्षेप

नौगांव में यातायात नियम तोड़ने वाले 28 वाहन चालकों के चालान काटे


नौगांव। छतरपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि रोकने के लिए चलाए गए 10 दिवसीय विशेष अभियान के तहत नौगांव थाना क्षेत्र में 28 वाहन चालकों के चालान काटे गए। यह कार्रवाई हेलमेट नहीं पहनने और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में जिलेभर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके लिए प्रशिक्षण, पंपलेट, बैनर और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया गया।
छतरपुर जिले में अभियान के दौरान कुल 1078 चालान काटे गए। इनमें हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के 754 और सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चारपहिया वाहन चालकों के 324 चालान शामिल हैं। थाना क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, नौगांव में 28 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

बहादुरपुर में भूसा घर से 72 लीटर अवैध देशी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए थाना बमनौरा पुलिस ने ग्राम बहादुरपुर में छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की है। पुलिस ने मौके से 8 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, बमनौरा पुलिस टीम को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि ग्राम बहादुरपुर में पुलिया के पास स्थित एक घर में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने संदेही के भूसा वाले कमरे में दबिश देकर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान कमरे में छुपाकर रखी गई 8 पेटी कुल 72 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 44 हजार रुपये आंकी गई है।
पुलिस ने मौके से अवैध शराब संग्रह करने के आरोपी रामफल यादव (पिता रामदास यादव, निवासी ग्राम बहादुरपुर) को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ थाना बमनौरा में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

परशुराम के क्रोध और लक्ष्मण के तेवरों ने बांधा समां, राम-सीता विवाह पर झूमे श्रद्धालु

नौगांव। नौगांव की 122 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक श्रीरामलीला में सोमवार रात श्रीराम-सीता विवाहोत्सव की लीला श्रद्धा और उल्लास के साथ मंचित की गई। विवाह के मंगलगीतों, बधाइयों और पुष्पवृष्टि के बीच पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। वहीं, परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आकाशवाणी की राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कलाकार उर्मिला पांडे और राजेश तिवारी ने विवाह एवं बधाई गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को मांगलिक बना दिया। लीला की शुरुआत मिथिला नगरी के दरबार में श्रीराम-सीता विवाहोत्सव से हुई। माता सीता के श्रीराम को जयमाला पहनाते ही मंच पर पुष्पवृष्टि हुई और श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर प्रसन्नता व्यक्त की।



इसके बाद पांव पखराई की पारंपरिक रस्म का मंचन हुआ। जनक परिवार ने श्रीराम और लक्ष्मण के चरण पखारकर उन्हें आंचल से पोंछा। इस भावुक दृश्य ने दर्शकों को मर्यादा, विनम्रता और सम्मान का संदेश दिया। विवाहोत्सव के बाद भगवान परशुराम के आगमन और उनके क्रोध का प्रसंग मंचित किया गया।
शिवधनुष टूटने का समाचार सुनकर परशुराम जनक दरबार पहुंचे और धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूछते हुए गर्जना की। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखे संवाद हुए। लक्ष्मण के कटाक्षपूर्ण जवाब और परशुराम के क्रोधपूर्ण अभिनय पर दर्शकों ने तालियां बजाईं। अंत में श्रीराम ने विनम्रता से स्थिति को संभाला। इस प्रसंग ने वीरता, धैर्य और मर्यादा का संदेश दिया।
रामलीला समिति अध्यक्ष विनोद मेहरोत्रा ने कहा कि श्रीराम विवाहोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि परिवार और समाज में आदर्श संस्कारों का स्मरण है। समिति के पुलकित श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को शहर में भव्य श्रीराम बरात निकाली जाएगी। समिति के पुलकित श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीराम बरात रामलीला मंच से शुरू होकर सैयद ब्रदर्स तिराहा, मौलवी साहब की मजार, मेन मार्केट, मस्जिद तिराहा, देवी मंदिर, वीरेंद्र कॉलोनी चौराहा, टीबी अस्पताल, गणेश मंदिर चौराहा, नगर पालिका, भट्ट बंगला तिराहा और पुराने सिविल अस्पताल तिराहे से होते हुए वापस रामलीला मंच पहुंचेगी। बरात में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के स्वरूपों के साथ देवी-देवताओं की झांकियां, घोड़े, बग्गी और बैंड आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जगह-जगह स्वागत और पुष्पवर्षा की तैयारी की गई है।

चट्टान से प्रकट मां बगराजन माता का स्वरूप 200-250 साल पुरानी आस्था का केंद्र है सिद्ध पीठ



छतरपुर। मां बगराजन माता का सिद्ध पीठ विशेष स्थान रखता है। छतरपुर से करीब 17 से 22 किलोमीटर दूर गढ़ी मलहरा क्षेत्र के आगे पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, पहाड़ी की विशाल प्राकृतिक चट्टान में माता का स्वरूप स्वयं प्रकट हुआ था। करीब 200 से 250 वर्ष पुरानी जनश्रुति से जुड़े इस स्थल पर पहले छोटी मडिया थी, जो जनसहयोग से अब भव्य मंदिर का रूप ले चुकी है।मंदिर परिसर में चट्टानों के बीच बनी संकरी सुरंग भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। मान्यता है कि इस सुरंग से सफलतापूर्वक निकलने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है, हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त जल अर्पित करने, खप्पर रखने और जवारे बोने-विसर्जित करने की परंपरा निभाते हैं। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।

नवरात्रि पर महोबा रोड सहित शहर भर में मांस बिक्री बंद करने की मांग, हिंदू संगठन ने हाथ जोड़कर की अपील



छतरपुर। शारदीय नवरात्रि के पवित्र अवसर पर शहर में मांस की बिक्री रोकने को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध और अपील अभियान शुरू किया है। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे हिंदू संगठन के युवा प्रतिनिधि अभिषेक सेन और राहुल चौबे अपनी टीम के साथ महोबा रोड स्थित मांस की दुकानों पर पहुंचे। उन्होंने सभी दुकानदारों से हाथ जोड़कर धार्मिक आस्था और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए नवरात्रि पर्व के दौरान मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रखने का नम्रतापूर्वक आग्रह किया। हिंदू संगठन के युवाओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं। इस दौरान महिलाएं और बच्चे सुबह-शाम मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए निकलते हैं। महोबा रोड और आसपास के मुख्य मार्गों से गुजरते समय खुले में संचालित मांस की दुकानों से आने वाली दुर्गंध के कारण श्रद्धालुओं को अत्यधिक असुविधा और असहजता का सामना करना पड़ता है। संगठन ने अपील की कि सभी व्यापारी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार तक सहयोग करें।



महोबा और पन्ना रोड पर गड्ढों और धूल से लोग परेशान बारिश बीतने के बाद भी अधिकारियों ने नहीं ली सुध

महोबा और पन्ना रोड पर गड्ढों और धूल से लोग परेशान, बारिश बीतने के बाद भी अधिकारियों ने नहीं ली सुध



छतरपुर। बदहाल सड़कों की वजह से आम जनता और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्गों पर बने गहरे गड्ढे और उनसे उठने वाले धूल के गुबार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बारिश का मौसम ख़त्म होने के बाद नगर की सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाना तय था, लेकिन मानसून बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों और निर्माण एजेंसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिम्मेदारों की इस अनदेखी के कारण शहर का यातायात और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।
शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में शामिल महोबा रोड और पन्ना रोड की स्थिति इस समय सबसे ज़्यादा जर्जर बनी हुई है। इन मुख्य रास्तों पर तीन महीने से अधिक समय से गहरे-गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे गुजऱने वाले वाहन चालकों को हर पल ख़तरा महसूस होता है। मार्ग से वाहनों के गुजऱते ही भारी मात्रा में धूल उड़ती है, जिससे पीछे आ रहे वाहन चालकों को सामने का रास्ता साफ़ दिखाई नहीं देता। स्थानीय वाहन चालक रवि अनुरागी के अनुसार सड़क पर उडऩे वाली धूल के कारण गाड़ी चलाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है और हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा, लगातार गड्ढों से गुजऱने के कारण गाडिय़ाँ भी खऱाब हो रही हैं और लोगों को आर्थिक चपत लग रही है।
सड़कों के सुधार कार्य में हो रही देरी से स्थानीय निवासियों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। पन्ना रोड और महोबा रोड से नियमित रूप से आवाजाही करने वाले अंकित खटीक ने बताया कि रास्ते की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि संतुलित तरीक़े से गाड़ी निकालना भी मुश्किल हो गया है और छोटे-बड़े वाहनों के अनियंत्रित होकर पलटने का डर लगा रहता है। लगातार तीन महीनों से सड़कों की दुर्दशा बनी रहने के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से मरम्मत का कोई प्रयास शुरू नहीं किया गया है, जिससे राहगीरों की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं।

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर करें कार्रवाईः कलेक्टर



कलेक्टर ने टीएल बैठक में खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट और न्यायालयीन कार्रवाई की समीक्षा की

छतरपुर। दीपावली के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को टीएल बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं। टीएल बैठक में खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच, प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट और न्यायालयीन कार्रवाई की समीक्षा के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष तिवारी के कथन पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की जांच और कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
बैठक में कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से पूछा कि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए खाद्य नमूनों में कितने अमानक और कितने असुरक्षित पाए गए हैं। ऐसे प्रकरणों में न्यायालय द्वारा कितने मामलों में सजा सुनाई गई है और कितने मामलों में अन्य कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी पूछा कि यदि असुरक्षित खाद्य पदार्थों के नमूने सामने आए हैं, तो संबंधित प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई।
समीक्षा के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष तिवारी ने बताया कि प्रयोगशाला से खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच रिपोर्ट सब-स्टैंडर्ड यानी निर्धारित मानकों से कम गुणवत्ता की प्राप्त होती है, जबकि अनसेफ यानी असुरक्षित श्रेणी के खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट नहीं आती है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए खाद्य नमूनों की जांच और कार्रवाई में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच प्रभावी ढंग से की जाए तथा असुरक्षित खाद्य पदार्थों से संबंधित वास्तविक प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
कलेक्टर ने अवैध रूप से नकली गुटखा बनाने और बेचने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना वैध एवं सक्रिय लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित करने और आवश्यक परमिट के बिना इकाइयां चलाने वालों की जांच की जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने तथा लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाए।

खाद्य पदार्थों में गड़बड़ी की सूचना दें

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। नागरिक अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री, मिलावट और बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सूचना दे सकते हैं।

आदिशक्ति की आराधना में श्रद्धालु हुये लीन

विजयराघवगढ़। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा के साथ ही कैमोर क्षेत्र आदिशक्ति मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो गया है। आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु मां भगवती की विशेष आराधना और धार्मिक अनुष्ठानों में लीन रहेंगे। इस वर्ष भी कैमोर और आसपास के ग्रामीण व शहरी अंचलों में आस्था का अनूठा और भव्य नजारा देखने को मिल रहा है। भव्य प्रतिमाओं की स्थापना से सजा पंडाल पर्व को लेकर स्थानीय नागरिकों और समितियों में भारी उत्साह है। इसी क्रम में अडानी एसीसी रामलीला मैदान और कैमोर एवरेस्ट रामलीला मैदान में मां भगवती की अत्यंत मनमोहक और भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दोनों प्रमुख पंडालों को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है धार्मिक अनुष्ठानों और मेलों का माहौल नवरात्र के इन नौ दिनों में दोनों ही रामलीला मैदानों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भरभराकर गिरा छत का प्लास्टरः नीचे बैठे 30 से ज्यादा बच्चे बाल-बाल बचे, मची चीख-पुकार



लवकुशनगर। लवकुशनगर क्षेत्र अंतर्गत टहनँगा शासकीय माध्यमिक स्कूल में सोमवार को उस वक्त भारी अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया, जब कक्षा में पढ़ाई के दौरान कमरे की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। हादसे के वक्त कमरे में करीब 30 मासूम बच्चे बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। अचानक छत से सीमेंट और कंक्रीट का भारी मलबा नीचे गिरते ही कक्षा में चीख-पुकार मच गई। बच्चों की डर और दहशत से भरी चीखें सुनकर स्कूल परिसर और आसपास के लोग दौड़कर कमरे की ओर पहुंचे। गनीमत यह रही कि इस गंभीर हादसे में सभी बच्चे बाल-बाल बच गए और कोई भी मासूम सौंधे मलबे को गंभीर चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा और दर्दनाक हादसा होने से टल गया। घटना के बाद घबराए और सहमे बच्चों को तत्काल कक्षा से बाहर सुरक्षित स्थान पर निकाला गया। इस अप्रत्याशित घटना से स्कूल में काफी देर तक हड़कंप और अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।
इस हादसे ने शिक्षा विभाग और स्कूल भवनों के संधारण व सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। जर्जर भवनों की मरम्मत और सुरक्षा मानकों को लेकर प्रशासन के दावों के बीच यह सवाल खड़ा हो रहा है कि जब स्कूल की छतें ही सुरक्षित नहीं हैं, तो इन मासूम बच्चों की जान और सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए स्कूल भवन की तत्काल तकनीकी जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय करने की मांग की है।



बघेली, बुंदेली लोकगीतों और भगोरिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

खजुराहो। संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला 'देशज' के अंतर्गत रविवार, 11 अक्टूबर 2026 को एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड एवं बघेलखंड की समृद्ध लोकसंगीत परंपराओं तथा भील जनजातीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। दीप प्रज्ज्वलन और आमंत्रित कलाकारों के पारंपरिक सम्मान के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम ने दर्शकों को प्रदेश की विविधतापूर्ण लोकसंस्कृति से रूबरू कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ रीवा की सुश्री दीक्षा शुक्ला के बघेली लोकगायन से हुआ। उन्होंने गणेश भजन, देवी भजन, बधाई गीत और बेलनाहाई जैसे पारंपरिक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनके गायन में बघेली भाषा की मिठास और धार्मिक आस्था का सुंदर समावेश देखने को मिला।

ब्लैक पोशाक में सजेगा 65 फीट ऊंचा रावण, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक के खेल मैदान में होगा दहन

छतरपुर। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक के खेल मैदान में इस वर्ष दशहरे के पावन अवसर पर भव्य और आकर्षक रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। श्री श्री 1008 लालकड़ा रामलीला समिति के तत्वावधान में इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई लगभग 65 फीट रखी गई है। समिति के



129वें वर्ष के इस ऐतिहासिक आयोजन को और भी अधिक भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

स्थानीय कलाकारों द्वारा हो रहा निर्माण

रावण के इस विशाल पुतले का निर्माण पूरी तरह से स्थानीय कलाकारों द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है। समिति के संचालक नरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि कलाकार अपनी कला का योगदान पूरी तन्मयता से दे रहे हैं, जिसमें सामग्री का खर्च मुख्य रूप से शामिल है। इस निर्माण कार्य में कड़ोरी कुशवाहा, झल्लू कुशवाहा, धूराम विश्वकर्मा, बद्री पौड़ायक जी सहित कई अन्य पेंटर्स और कलाकारों की टीम मिलकर काम कर रही है।

आयुर्वेद कॉलेज में 9वें दिन भी आंदोलन

मुख्य गेट पर जलाईं अपनी डिग्रियां

रीवा। शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, रीवा में बीएएमएस इंटर्न चिकित्सकों का आंदोलन लगातार नौवें दिन भी जारी रहा। स्टाइपेंड में बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे इंटर्न चिकित्सकों ने सोमवार को कॉलेज के मुख्य द्वार पर अपनी डिग्रियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान चिकित्सकों ने शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। डिग्रियां जलाकर विरोध जताने की इस घटना के जरिए आंदोलनकारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की और मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की।

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर अड़े बीएएमएस इंटर्न



इंटर्न चिकित्सकों का कहना है कि मध्यप्रदेश में बीएएमएस इंटर्न को मिलने वाला मासिक स्टाइपेंड दूसरे राज्यों की तुलना में काफी कम है। चिकित्सा शिक्षा पूरी करने के बाद इंटर्नशिप के दौरान मिलने वाली राशि में यह अंतर उनके आर्थिक हितों को प्रभावित कर रहा है। इसी को लेकर वे स्टाइपेंड बढ़ाने और इसे दूसरे राज्यों के बराबर करने की मांग उठा रहे हैं। नौ दिनों से जारी आंदोलन के बावजूद मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने के कारण चिकित्सकों ने विरोध का यह तरीका अपनाया। आंदोलनकारी चिकित्सकों की ओर से शासन को सौंपे गए ज्ञापन में मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में बीएएमएस इंटर्न को दिए जाने वाले मासिक स्टाइपेंड के आंकड़ों का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन के मुताबिक, मध्यप्रदेश में इंटर्न चिकित्सकों को वर्तमान में लगभग 9,383 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 33,099 रुपए, ओडिशा में 30,000 रुपए और तेलंगाना में 29,792 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलने का उल्लेख किया गया है। इन आंकड़ों को आधार बनाते हुए इंटर्न चिकित्सकों का कहना है कि मध्यप्रदेश में मिलने वाली राशि अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। उनका तर्क है कि जब बीएएमएस इंटर्न चिकित्सक भी चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान अपनी सेवाएं देते हैं, तो उनके स्टाइपेंड में इतना बड़ा अंतर नहीं होना चाहिए। चिकित्सकों ने सरकार से इस अंतर को दूर करने और उनके मानदेय में उचित वृद्धि करने की मांग की है।

स्टाइपेंड के साथ भर्ती प्रक्रिया का मुद्दा भी उठाया

इंटर्न चिकित्सकों का आंदोलन केवल स्टाइपेंड बढ़ाने तक सीमित नहीं है। ज्ञापन में संबंधित नियमों के अनुरूप भुगतान सुनिश्चित करने के साथ आयुष चिकित्सा संस्थानों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि इन विषयों पर शासन को गंभीरता से विचार कर आवश्यक निर्णय लेना चाहिए, ताकि आयुष चिकित्सा व्यवस्था से जुड़े युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें।

चिकित्सकों की मांग है कि स्टाइपेंड में बढ़ोतरी के मामले में दूसरे राज्यों में लागू व्यवस्था का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए और मध्यप्रदेश में भी इंटर्न चिकित्सकों को उचित मानदेय दिया जाए।

कुलपति ने एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात



निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर आगामी प्रदर्शन स्थगित

रीवा । अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्र संगठनों के साथ कथित भेदभाव, परीक्षा एवं परिणामों में देरी और अन्य अनियमितताओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के द्वारा लगातार आवाज उठाई जा रही थी। इसी क्रम में आज विश्वविद्यालय के कुलपति ने एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और एनएसयूआई द्वारा उठाई गई मांगों पर निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि विश्वविद्यालय में मैं व्याप्त विभिन्न अनियमिताओं को प्रमुखता से उठाया गया था। इनमें एनएसयूआई को शंभूनाथ सभागार में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं मिलने, जबकि एबीवीपी को कार्यक्रम की अनुमति दिए जाने, विश्वविद्यालय में छात्र संगठनों के साथ समान व्यवहार किए जाने, परीक्षाओं एवं परीक्षा परिणामों में देरी, अतिथि विद्वानों की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों की निष्पक्ष जांच कराए जाने जैसी मांगें शामिल हैं पंकज उपाध्याय ने कहा कि कुलपति द्वारा प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर मांगों पर जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है इस दौरान उन्होंने कलेक्टर रीवा नरेंद्र सूर्यवंशी का भी धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय कुलपति को निर्देशित किया एनएसयूआई विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय का सम्मान करती है।

बिक्री के लिए लाए थे गांजा, बिछिया पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा

लक्ष्मण बाग मार्ग पर नदी के पास पुलिस की घेराबंदी, तलाशी में मिला 4 किलो 900 ग्राम गांजा

रीवा।

शहर में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिछिया थाना पुलिस ने दो युवकों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों युवक बिछिया क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों युवक गांजा बिक्री के लिए लेकर लक्ष्मण बाग मार्ग स्थित नदी के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को पकड़ लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। बिछिया थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात करीब 8 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिछिया निवासी जावेद मोहम्मद और मोहम्मद अहमद गांजा लेकर बिक्री के लिए निकले हैं सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम को सक्रिय किया और बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने मौके से दोनों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद उनकी तलाशी ली गई, जिसमें 4 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।कार्रवाई के बाद पुलिस दोनों आरोपियों को थाने लेकर पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की गई। गांजा बरामद होने के मामले में दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक की सभी शिकायतें निराकृत करें - कलेक्टर

रीवा । कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण करें। कई बार निर्देशे के बावजूद इनके निराकरण के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस सप्ताह अच्छा प्रयास करके बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण किया है। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग तथा ऊर्जा विभाग को भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन और 100 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों के कारण जिले की रैंकिंग में गिरावट आती है। मांग आधारित सभी शिकायतों को बंद कराएं। बजट आवंटन, भुगतान और नीतिगत मामलों से संबंधित आवेदन पत्रों को कलेक्टर के अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से विभाग प्रमुख को प्रेषित करें। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में



लंबित आवेदनों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति सहन नहीं की जाएगी। इन दोनों विभागों के लंबित प्रकरणों की 14 अक्टूबर को समीक्षा की जाएगी। सभी एसडीएम सामान्य प्रशासन विभाग तथा भू-अर्जन से संबंधित आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं। त्योंथर, जवा और मनगवां एसडीएम इस पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने बैठक से बिना सूचना तथा अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को नोटिस देकर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा दायर करें। अवमानना के प्रकरणों में तत्काल न्यायालय के निर्देशों का पालन करके पालन प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए 31 अक्टूबर अंतिम तिथि तय की गई है। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित विभागीय लक्ष्यों से 25 प्रतिशत अधिक स्वरोजगार प्रकरण बैंकों में 20 अक्टूबर तक दर्ज करा दें। इन प्रकरणों को बैंकों से नियमित संपर्क करके 30 अक्टूबर तक ऋण स्वीकृत तथा वितरित कराएं। जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में इसकी विभागवार तथा बैंकवार समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी झण्डा दिवस की सहयोग राशि एक सप्ताह में जमा करा दें। सैनिक कल्याण कोष में दी गई सहयोग राशि का उपयोग सेवानिवृत्त सैनिकों तथा सैन्य विधवाओं के कल्याण में व्यय किया जाता है। सैन्य अभियानों में घायल सैनिकों के कल्याण के लिए भी इसका उपयोग होता है। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले वीर जवानों के लिए बढ़-चढ़ कर सहयोग करें। बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति, सड़कों के सुधार, स्वामित्व योजना के तहत भू अधिकार पत्रों के पंजीयन, आगामी फसल के लिए खाद और बीज के प्रबंध तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर सुधीर बेक, एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी, डिप्टी कलेक्टर अदिति जैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 14 अक्टूबर को

रीवा । संभागीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 14 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह, नजूल भूमि निर्वर्तन के प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

कोदो उपार्जन के लिए 21 केन्द्रों में किसानों का पंजीयन 5 नवम्बर तक

रीवा । रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए किसानों का पंजीयन 5 नवम्बर तक किया जा रहा है। पंजीयन के लिए जिले में 21 केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि किसानों के पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समिति गुढ़, भुनगांव, डभौरा, सोहरवा, कटरा, बैकुण्ठपुर, सिरमौर, सेमरिया, भमरा तथा बींड़ा में सुविधा दी गई है। सेवा सहकारी समिति गढ़, गंगेव, मनगवां, कंदैला, रघुराजगढ़, ब्यौहरा, रायपुर कर्चुलियान, बांसा, बहुरीबांध, गोविंदगढ़ तथा करहिया मण्डी रीवा में भी किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी, उप संचालक कृषि तथा महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक सभी केन्द्रों में किसानों के पंजीयन के लिए समुचित व्यवस्था करें। पंजीयन केन्द्रों में कम्प्यूटर आपरेटर, लैपटाप, प्रिंटर, आधार सत्यापन बायोमेट्रिक मशीन तथा पंजीयन के लिए आवेदन पत्र की व्यवस्था करें जिससे पंजीयन में किसी भी तरह की परेशानी न हो। ग्राम पंचायत के माध्यम से किसानों को पंजीयन के संबंध में जानकारी दें।

घुमंतू तथा अर्द्धघुमंतू के जाति प्रमाण पत्र के लिए लगेंगे शिविर

रीवा । पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा विमुक्त घुमंतू तथा अर्द्धघुमंतू समुदाय के सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 15 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 15 अक्टूबर को त्योंथर तहसील परिसर में तथा 21 अक्टूबर को जवा तहसील में डभौरा नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिविर लगेंगे। इसी तरह 22 अक्टूबर को हुजूर तहसील के गोविंगढ़ नगर परिषद तथा 28 अक्टूबर को सेमरिया में तहसील परिसर में शिविर लगाए जाएंगे।

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान,

नगर निगम की सिटी बस पर 1.15 लाख का टैक्स बकाया, परिवहन विभाग ने किया जब्त

25 वाहनों के चालान, फिटनेस-परमिट से लेकर बीमा तक की हुई जांच

रीवा।

शहर में यातायात नियमों का पालन कराने और यात्री वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था जांचने के लिए परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ऑटो, ई-रिक्शा, तीन पहिया वाहनों और यात्री बसों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों के चालान बनाए गए। वहीं, मध्यप्रदेश का 1 लाख 15 हजार रुपये मोटरयान कर बकाया मिलने पर एक यात्री बस को जब्त कर लिया गया। जब्त बस का पंजीयन क्रमांक एमपी 17 पी 2911 है। यह बस आरसीटीएसएल की रीवा-नॉन स्टॉप-सतना सेवा से संबंधित बताई गई है। परिवहन विभाग के अनुसार, जांच के दौरान संबंधित बस पर मध्यप्रदेश का 1,15,000 रुपये मोटरयान कर बकाया पाया गया। कर जमा नहीं किए जाने के कारण बस को जब्त कर सुरक्षित स्थल पर खड़ा करा दिया गया। संयुक्त जांच अभियान में यात्री वाहनों के दस्तावेजों के साथ सुरक्षा मानकों की भी पड़ताल की गई। वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने यात्री बसों के दस्तावेजों और कर संबंधी रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान एमपी 17 पी 2911 नंबर की बस पर 1.15 लाख रुपये का मोटरयान कर बकाया मिला। इसके बाद विभाग ने बस को जब्त करने की कार्रवाई की। यह बस रीवा से सतना के बीच संचालित होने वाली नॉन स्टॉप सेवा से जुड़ी बताई गई है।



फिटनेस, परमिट और बीमा की भी हुई जांच

संयुक्त अभियान के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट और बीमा की जांच की गई। यात्री वाहनों में किराया सूची, अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स जैसी जरूरी व्यवस्थाओं को भी परखा गया। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रा के दौरान किसी आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षा और प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराना है। जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा संबंधी कमियां और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के चालान बनाए गए। ओवरलोडिंग और आवश्यक दस्तावेजों से जुड़ी गड़बड़ियों पर भी कार्रवाई की गई। अभियान में कुल 25 वाहनों के चालान किए गए, जबकि मोटरयान कर बकाया मिलने पर एक यात्री बस को जब्त किया गया। फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध परमिट और बीमा के बिना वाहन चलाना नियमों के उल्लंघन के साथ यात्रियों के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसके अलावा, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार पेटी जैसी सुविधाएं भी यात्री वाहनों में महत्वपूर्ण हैं। आपात स्थिति में इनकी उपलब्धता यात्रियों को तत्काल सहायता देने में उपयोगी हो सकती है।

रीवा के स्वास्थ्य विभाग में कथित भ्रष्टाचार का आरोप

बाबू मनोज तिवारी के खिलाफ जांच की मांग

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने कलेक्टर को सौंपा शिकायत पत्र



कर्मचारियों के लंबित कार्यों की जांच कराने की मांग

रीवा। रीवा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वरचंद्र त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराते हुए जांच की मांग की है। यूनियन की ओर से 12 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए शिकायत पत्र में कार्यालय में पदस्थ बाबू मनोज तिवारी पर कर्मचारियों के कामकाज में कथित तौर पर पैसे के लेनदेन और कार्य लंबित रखने के आरोप लगाए गए हैं।* शिकायत पत्र के अनुसार, आरोप है कि कार्यालय में कुछ कर्मचारियों के कार्य तत्काल कर दिए जाते हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों के काम अनावश्यक रूप से लंबित रखे जाते हैं। इससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं।

छह लाख रुपये की राशि निकालने के मामले का भी उल्लेख

शिकायत में 24 अगस्त 2026 की एक घटना का भी उल्लेख किया गया है। पत्र में लगभग छह लाख रुपये की राशि निकालने से संबंधित मामले में कथित लेनदेन का आरोप लगाया गया है। यूनियन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वरचंद्र त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराने, कार्यालय में कर्मचारियों के लंबित कार्यों की समीक्षा करने तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने विश्वविद्यालय महाविद्यालयों में होंगी विशेष गतिविधियां

रीवा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2026 का त्रैमासिक गतिविधि कैलेंडर जारी किया गया है। विभाग ने सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों को कैलेंडर के अनुसार आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. दिनेश देव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इन आयोजनों की जानकारीए छायाचित्र और समाचार पत्रों की कतरन सहित विवरण त्रैमासिक रूप से उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय की अकादमिक शाखा को भेजना होगा। अक्टूबर माह में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां होंगी। 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण, एकता के लिए दौड़ तथा भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही सरदार पटेल के जीवन पर आधारित लघु फिल्म अथवा वृत्तचित्र का प्रदर्शन भी किया जाएगा। नवंबर में 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें संविधान की प्रस्तावना का वाचन, भारतीय संविधान पर केंद्रित प्रश्नमंच प्रतियोगिता, संविधान की शपथ ग्रहण तथा मौलिक कर्तव्यों के पालन के लिए सामूहिक शपथ शामिल है। इसके अलावा मेरा संविधानए मेरा स्वाभिमान विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।



गणित दिवस पर भारतीय गणितज्ञों की चर्चा

दिसंबर में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान गणित के क्षेत्र में भारतीय गणितज्ञों के योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता, वैदिक गणित विषय पर विशेषज्ञों के व्याख्यान, श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन तथा प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के छायाचित्र और पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। विभाग ने यह भी निर्देशित किया है कि त्रैमासिक गतिविधियों में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभूतियों, विषय विशेषज्ञों और स्थानीय विद्वानों को विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जाए। वीडियो प्रदर्शन से पहले समिति गठित कर उसकी जांच कराने के बाद ही वीडियो दिखाने के निर्देश दिए गए हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपराए राष्ट्रीय एकता, संविधान और गणित के क्षेत्र में भारत के योगदान से परिचित कराना है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित संस्थानों को निर्धारित कैलेंडर के अनुसार गतिविधियां आयोजित कर उनकी जानकारी विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं

विभागीय योजनाओं का संबंधितों के लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें- अपर कलेक्टर

मऊगंज

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय की अध्यक्षता में उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति, लंबित प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण तथा बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के लिए समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्यानिकी विभाग की फल पौध रोपण, नवीन बगीचों की स्थापना, सब्जी-मसाला एवं पुष्प क्षेत्र विस्तार,



संरक्षित खेती, कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती और ड्रिप सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण वितरण की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मत्स्य विभाग की मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड योजना की 30 सितंबर 2026 तक की प्रगति तथा मुख्यमंत्री मछुआ मृद्धि योजना के अंतर्गत स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण के लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा केज कल्चर से मत्स्य पालन, केज निर्माण लागत, मत्स्य बीज संचयन और मछली आहार पर होने वाले व्यय से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अपर कलेक्टर ने योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पात्र किसानों, उद्यमियों एवं मछुआरों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ दीक्षा चौरे सहित संबंधित विभागों को अधिकारी उपस्थित रहे।